रविवार 16 जुलाई 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज



प्रतिबंध के बावजूद डुमरांव पहुंची शराब की बड़ी खेप, ऑटो जब्त

3



विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।



सावन के पावन मास की सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर

मोबाईल नम्बर - 9122950441



मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा

शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा

### भाजपा की चार सदस्यीय टीम ने की घटना की पड़ताल

# लाठीचार्ज की घटना की हो न्यायिक जांच: रघुवर



पटना के डाकबंगला चौराहे के पास पहुंचकर भाजपा की चार सदस्यीय जांच टीम ने घटना के बारे में जानकारी ली।

- कमर के ऊपर लाठीचार्ज मना होता है, यहां सिर फोड़ा गया। आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए, यह पूरी तरह गलत
- 24 घंटे में अगर राज्य सरकार इस दिशा में कदम नहीं उठाती तो होगा आंदोलन

**केटी न्यूज/पटना**

13 जुलाई को विधानसभा मार्च के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज की घटना की पड़ताल करने उच्च स्तरीय जांच समिति के चारों सदस्य शनिवार को पटना पहुंचे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर बनी भाजपा की इस जांच टीम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद मनोज तिवारी, सांसद बिष्णु दयाल राम और सुनीता दुग्गल शामिल हैं। जांच समिति के सदस्यों ने पटना के लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल, आईजीआईएमएस और पीएमसीएच अस्पताल का दौरा कर लाठीचार्ज के दौरान घायल हुए कार्यकताओं के स्वास्थ्य का हाल जाना और घटना के बारे में जानकारी ली। इस संबंध में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि कमर के ऊपर लाठीचार्ज मना होता है, यहां सिर फोड़ा गया। आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए, ताकि भाजपा के नेता-कार्यकर्ता छटपटाएं। मार्च की घोषणा पहले से थी और रूट की जानकारी भी प्रशासन को थी, फिर भी सरकार के अफसर झूठ बोल रहे हैं। इसकी न्यायिक जांच जरूरी है। 24 घंटे में अगर राज्य सरकार इस दिशा में कुछ नहीं करती है तो भाजपा और बड़ा आंदोलन करेगी।

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि जो भी इस घटना की समीक्षा करेगा, उन्हें इमरजेसी जरूरी याद आएगा। जेपी आंदोलन के समय में जो हुआ उसे फिर से दोहराया गया। प्री प्लांड तरीके से इसे अंजाम दिया गया। सरकार ने पहले से ही तय कर लिया था कि भाजपा के आंदोलन को बर्बर तरीके के कुचला जाए। लाठीचार्ज में पुलिस मैनुअल का ध्यान नहीं रखा गया। कार्यकर्ता भाग रहे थे फिर भी पुलिस उन्हें पीट रही थी। पल भर में वाटर कैनन, आंसू गैस और लाठीचार्ज किया गया। इससे साफ प्रतीत होता है बड़ी साजिश रची गई। जांच में यह भी पता चला कि जो लोग अस्पताल पहुंचे वहां भी उनके साथ मारपीट की गई।

### लाठीचार्ज में 771 भाजपाई घायल जिनमें 369 लोग ज्यादा चोटिल

विधानसभा पैदल मार्च के दौरान बेरहमी से लाठीचार्ज किए जाने की तस्वीरों और वीडियो के बाद भाजपा की उच्चस्तरीय जांच टीम ने घायल होने वालों के आंकड़े जारी किए हैं। चोटिल और ज्यादा चोटिल के रूप में इन्हें वर्गीकृत किया गया है। कुल 771 भाजपाई घायल हुए हैं, जिनमें ज्यादा चोटिल हुए लोगों की संख्या 369 है। चार सदस्यीय जांच टीम ने एक रिपोर्ट तैयारी की है। टीम के सदस्य और भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि घटना में घायल 771 में से 45 लोगों से गहनता से पूछताछ कर मामले की जानकारी ली गई। इसमें जो तथ्य सामने आए, उसने महागठबंधन सरकार की पोल खोल दी। बिहार सरकार ने साजिश के तहत भाजपा के आंदोलन को कुचलने की कोशिश की है। इसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए।

### सांसद जनार्दन सिग्रीवाल बोले... परिचय जानने के बाद भी पीटा

घायल सांसद सिग्रीवाल ने अस्पताल में जांच टीम को बताया कि वाई श्रेणी के उनके सुरक्षाकर्मी बिहार पुलिस के जवानों को लगातार बताते रहे कि सांसद हैं, लेकिन परिचय जानने के बाद और ज्यादा वीभत्स तरीके से उन्हें पीटा गया। सिर फटने के बाद भी उनपर डंडे बरसाते रहे।

## मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी पहुंचे सर्वोच्च न्यायालय

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद राहुल गांधी ने मोदी सरनेम मामले को लेकर अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने शनिवार को गुजरात हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका दाखिल की। हाईकोर्ट ने बीती 7 जुलाई को इस मानहानि मामले में राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने की उनकी पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया था। हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने से मना कर दिया था। इसके चलते राहुल गांधी फिलहाल सांसद बने रहने या चुनाव लड़ने के अयोग्य हैं। कांग्रेस नेता की याचिका अभी सिर्फ दाखिल हुई है। मोदी उपनाम वाले मानहानि मामले में सूरत की कोर्ट ने राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई थी। फिलहाल वह जमानत पर हैं, लेकिन दोषी होने के चलते सांसद होने के अयोग्य हैं। **क्या है मोदी सरनेम मामला:** ललित मोदी और नीरव मोदी का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने पूछा था कि सभी चोरों का सरनेम एक जैसा क्यों होता है। उनकी इस टिप्पणी के बाद बीजेपी विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला दायर किया था।

# झटका... सपा नेता आजम खान को दो साल की सजा

### भड़काऊ भाषण मामले में दोषी

**एजेंसी/रामपुर**

समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को हेट स्पीच मामले में बड़ा झटका लगा है। रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने आजम खान को इस मामले में दोषी करार देते हुए दो साल की सजा और एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। ये मामला साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान दी गई एक भड़काऊ स्पीच से जुड़ा है, जिसमें आजम खान ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी और रामपुर के तत्कालीन डीएम व अन्य अधिकारियों के खिलाफ भड़काऊ बातें कही थीं। इस मामले में आजम खान पर मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसके बाद आज कोर्ट ने उन्हें दो



साल की सजा सुनाई है। इससे पहले भी आजम खान को एक अन्य हेट स्पीच के मामले में तीन साल की सजा हुई थी, लेकिन बाद में अदालत से वह उस केस में बरी हो गये थे।

### छह साल के लिए किसी सदन का नहीं लड़ पाएंगे चुनाव

आजम खां फिर छह साल के लिए किसी भी सदन का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। हालांकि, सजा पर अपील का विकल्प उनके पास अभी भी खुला है। एडीजीसी संदीप सक्सेना ने बताया कि किसी भी न्यायालय से दो या दो साल से अधिक की सजा होने पर सदन की सदस्यता तो जाती ही है, छह साल के लिए चुनाव लड़ने पर भी प्रतिबंध लग जाता है। आजम खां को बीते वर्ष अक्तूबर माह में तीन साल की सजा हुई थी, हालांकि वह अपील में सेशन कोर्ट से दोषमुक्त कर दिए गए थे। अतः उन पर चुनाव लड़ने का प्रतिबंध खत्म हो गया था लेकिन, अब दोबारा सजा होने पर यह प्रतिबंध भी फिर से लागू हो गया है।

# एनडीए की बैठक के लिए चिराग को आमंत्रण

- चिराग पासवान बोले- पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर इस पर लेंगे निर्णय

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने हाल ही में भाजपा नीत एनडीए में लौटने का संकेत दिया था। उन्होंने बिहार में हाल के उपचुनावों में राजग के लिए प्रचार किया था। अब



एनडीए की बैठक में शामिल होने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने चिराग पासवान को निमंत्रण भेजा है। 18 जुलाई को शाम पांच बजे होने वाली बैठक में आने के लिए बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चिराग पासवान को पत्र लिखा है। वहीं जीतन राम मांझी समेत कुछ और दलों को भी एनडीए बैठक में शामिल होने का निमंत्रण भेजा गया है। वहीं, इस पर चिराग पासवान ने कहा कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का पत्र प्राप्त हुआ है। 18 तारीख को होने वाली बैठक में उन्होंने लोक जनशक्ति पार्टी को एक अहम सहयोगी के तौर पर आमंत्रित किया है। पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक कर

## सुपौल में तीन बच्चियों की डूबने से मौत

**सुपौल।** सुपौल जिले के मरौना थाना क्षेत्र अंतर्गत कमरैल पंचायत के सिरखरिया गांव के वार्ड नंबर सात में शनिवार को गड्ढे में जमा बारिश की पानी में नहाने के दौरान डूबने से तीन बच्चियों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चार बच्ची नहाने गई थी। एक को बचा लिया गया। बताया जाता है कि राजलाल यादव की 11 वर्षीय पुत्री मंजू, 12 वर्षीय पुत्री अंजली की डूबने से मौत हो गई। वहीं, तीसरी बच्ची की पहचान अरविंद कुमार की

# एक्सप्रेस-वे किनारे विकसित होंगे सात इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास के नए हब बनेंगे। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे किनारे सात नए इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनने जा रहा है। पांच इंडस्ट्रियल कॉरिडोर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किनारे होंगे और दो इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के किनारे। औद्योगिक विकास विभाग के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखा दी है। हर इंडस्ट्रियल गलियारे के लिए 500-500 करोड़ रुपए जुटाने को कहा गया है। इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनने से औद्योगिक इकाइयों को माल की ढुलाई आसान हो जाएगी। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक विकास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा की



थी। इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना का बजट 3500 करोड़ रुपए आंका गया है। हर गलियारे के लिए शुरूआती चरण में किसानों से 100-100 एकड़ जमीन की खरीदी या अधिग्रहित की जाएगी। यूपीडा की तरफ से चयनित सलाहकार कंपनी ने लखनऊ से गाजीपुर तक बने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे पांच जगहों की पहचान भी कर ली है।



ST. JOHN SECONDARY SCHOOL

AFFILIATED TO C.B.S.E NEW DELHI +2 LEVEL

Nagar Kali Mandir Road Dumraon, Buxar- Bihar- 802119

MOB- +91 7909000372 , +91 9199315741

सावन के पावन मास की सभी शिवभक्तों, छात्र-छात्राओं शिक्षकों व अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



रमेश सिंह

डायरेक्टर

संत जॉन सेकेन्ड्री +2 स्कूल

डुमरांव, बक्सर

### यूएई के दौरे पर हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारत और यूएई के बीच हुआ एमओयू साइन

# खुशखबरी... 2024 में आईआईटी दिल्ली यूएई में खोलेगा कैंपस

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई के दौरे पर हैं। उनके इस दौरे कई बड़े-बड़े कयास लगाए जा रहे हैं। पीएम के इस दौरे के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है कि भारत और यूएई के बीच एक एमओयू साइन हुआ है। जिसके तहत आईआईटी दिल्ली यूएई में कैंपस खोलेगा। इससे यूएई में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को भी काफी सुविधा मिलने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आईआईटी दिल्ली जनवरी 2024 से यूएई में मास्टर डिग्री प्रोग्राम प्रारम्भ कर देगा। जबकि बैचलर डिग्री प्रोग्राम को शुरू करने में थोड़ा वक्त लगेगा। हालांकि उन प्रोग्राम को भी अगले साल



सितम्बर तक शुरू कर दिया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दोनों देशों के मध्य शैक्षणिक सहयोग और नॉलेज ट्रांसफर पहल का स्वागत किया है।

### दोनों देशों के बीच अपनी मुद्राओं में व्यापार करने पर सहमती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ दोनों देशों के बहुआयामी संबंधों को और मजबूत करने के लिए व्यापक बातचीत की। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि दोनों देश अपनी मुद्राओं में व्यापार शुरू करने पर सहमत हुए हैं। यूएई के राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद मोदी ने कहा कि पिछले साल व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर के बाद से भारत-यूएई व्यापार में 20 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों की मुद्राओं में व्यापार के लिए शनिवार को साइन किया गया समझौता दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक सहयोग और आपसी विश्वास को दर्शाता है। दोनों देशों की मुद्राओं में व्यापार पर यूएई के साथ समझौते से द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। मोदी ने कहा कि उन्हें शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से हमेशा भाई का प्यार मिला। समझा जाता है कि पीएम मोदी की यूएई यात्रा के केंद्र में ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और रक्षा जैसे क्षेत्र हैं। इस दौरान दोनों देश अपने द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे।

## खबरें फटाफट

### नन्द वंशी चेतना मंच का हुआ रजिस्ट्रेशन

**अरवल।** संस्कृति भवन में राष्ट्रीय नाई महासंघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कामेश्वर ठाकुर ने किया। बैठक में आए अतिथि गौरीशंकर ने कहा कि शिक्षा शेरनी के दुध के समान है, जो पियेगा वो दहाड़ेगा। सामाजिक संगठन से सभी को जुड़े रहने की आवश्यकता है। अपने समाज को जागृत करना जरूरी है। नवयुवकों को आगे आने की जरूरत है। संगठित होते ही हर क्षेत्र में नाई समाज अपना परचम लहराना शुरू कर देगा। बिहार विधानसभा में 2015 में कम से कम पांच नाई जाति के सदस्य पहुंचे, हम सब को तैयारी करनी है। मुख्य अतिथि चन्दन ने कहा कि नाई जाति का इतिहास गौरवशाली स्वर्णिम रहा है। महापधमनन्द नाई भारत के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट बने, उनके वंशज में घनानंद, सम्राट अशोक आदि आदि अनेक राजाओं ने 150 वर्षों तक राज्य किया। नन्द वंशी चेतना मंच का रजिस्ट्रेशन हो गया है। पूरे बिहार में 2024 तक संगठन का निर्माण कर लेना है।

### आधुनिक युग के जनरल डायर हैं सीएम

**अरवल।** बिहार की निरंकुश सरकार के द्वारा भाजपा कार्यकताओं पर हुई दमनात्मक लाठीचार्ज और जहानाबाद भाजपा के जिला महामंत्री विजय कुमार सिंह की हत्या के विरोध में अरवल प्रखंड मुख्यालय पर एकदिवसीय विशाल धरना का आयोजन किया गया। इस धरना का अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने किया। इस मौके पर भाजपा बिहार विधान परिषद के सदस्य अनिल शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार में जिस तरह से नीतीश कुमार और तेजस्वी की सरकार ने बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया है। वैसा उदहारण हिंदुस्तान में कभी देखने को नहीं मिला है। नीतीश कुमार आधुनिक युग के जनरल डायर हैं। अब नितिश कुमार के गुंडा राज, जंगल राज पार्ट टू को भी समाप्त करने का कार्य करेगी।

### जिलाधिकारी ने अपूर्ण अपशिष्ट प्रसंस्करण का निर्माण 30 तक पूरा करने का दिया निर्देश

# पंचायतों में लिया जाएगा स्वच्छता शुल्क: डीएम

◆ 38 पंचायतों में अपशष्टि निर्माण की प्रगति पर जताई नारजगी, अधिकारियों को फटकारा

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के कार्यों की प्रगति हेतु संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा की। बैठक में समीक्षा के क्रम में पाया गया कि वर्तमान में 28 अपशिष्ट प्रसंस्करण का निर्माण पूर्ण किया गया है तथा 38 पंचायतों में अपशिष्ट प्रसंस्करण का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसको 30 जुलाई तक पूर्ण कराने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को निदेश दिया गया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि मखदुमपुर, मोदनगंज व जहानाबाद प्रखंड में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई निर्माण हेतु भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने है लेकिन निर्माण कार्य आरंभ नहीं हुआ है, जिसके लिए संबधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को शीघ्र कार्य प्रारंभ करने एवं उसे पूर्ण किए जाने हेतु निदेश दिया गया। मोदनगंज, काको, मखदुमपुर एवं घोषी प्रखंड में अधिकांश सामुदायिक शौचालयों के अकार्यरत पाए जाने की सूचना पर जिला पदाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को सख्त निदेश दिया गया की किसी भी परिस्थिति में सामुदायिक शौचालय अकार्यरत नहीं होना चाहिए। अगले एक सप्ताह में वैसे सभी सामुदायिक शौचालय का रेट्रोफिटिंग करवाते हुए जिला को सूचित करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही यह भी निदेश दिया गया की इसके उपयोग हेतु उक्त पंचायतों के निगरानी समिति को सक्रिय करते हुए लगातार इस्तेमाल करने के लिए निरंतरता का स्थायित्व बनाए रखना है।

समीक्षा के क्रम में संपूर्ण स्वच्छता का स्थायित्व हेतु सभी पंचायतों/वार्डो में सामुदायिक उत्प्रेरण करते हुए घरों से स्वच्छता सेवा शुल्क लेने के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को स्पष्ट निदेश दिया गया। साथ ही बताया गया की मुख्य सचिव द्वारा इस कार्य को स्वच्छता के प्रथम आयाम में शामिल किया गया है जिसे प्रमुखता से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा निगरानी किया जाना है। इस कार्य में कोताही बरतने वाले प्रखंड विकास पदाधिकारी पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

साथ ही सभी ग्राम पंचायतों को सशक्त करने हेतु वृहद प्रसार प्रचार के माध्यम से जन जागरूकता अभियान करते हुए सभी गांवों को ओडीएफ प्लस करने के लिए सभी बीडीओ तथा प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को निदेश दिया गया।

वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिए लक्षित 176 सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण हेतु आवश्यकतानुसार पंचायतों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया।

साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि पूर्व में निर्मित सभी सामुदायिक स्वच्छता परिसर को नियमित रूप से समुदाय द्वारा इस्तेमाल किए जाने की परिस्थिति में ही उस प्रखंड को नए सामुदायिक स्वच्छता परिसर हेतु राशि हस्तांतरित किए जायेंगे। समीक्षा के क्रम में सभी पंचायती राज पदाधिकारी को यह निदेश दिया गया कि 15 वें वित आयोग से 30% की राशि का खर्च सिर्फ स्वच्छता कार्यों में किया जाना है जिसका दस्तावेजीकरण सही तरीके से किया जाए। लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत पंचायतों में निर्माण किए जाने वाले सामुदायिक सोक पीट, जंक्शन चैंबर तथा आउटलेट चैंबर निर्माण में धीमी प्रगति वाले प्रखंड हुलाशगंज, काको, जहानाबाद और मोदनगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी को स्पष्ट निदेश दिया गया कि समानुपातिक साप्ताहिक प्रगति नही होने पर संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।

## दिनदहाड़े हथियार दिखा लोगों को धमका रहा बदमाश गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के चरपोखरी थाने की पुलिस ने हथियार दिखाकर लोगों को धमका रहे एक दबंग को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देसी कट्टा और चार गोलियां बरामद की है। आरोपी चरपोखरी थाने के पलियाडीह गांव का रहने वाला मनमोहन सिंह बताया जा रहा है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि शुक्रवार की शाम चरपोखरी पुलिस को सूचना मिली कि पलियाडीह गांव में एक बदमाश हथियार के साथ घूम रहा है। वह लोगों को हथियार दिखा कर धमका रहा है और जान मारने की कोशिश कर रहा है।

उसकी गिरफ्तारी को लेकर एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम ने तत्काल छापेमारी कर उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा और चार गोलियां बरामद की गई। उससे कट्टा और गोली के बारे में पूछताछ की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि उसने हथियार और गोली कहां और किससे खरीदी है। साथ ही, उसके आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है। हथियार बरामदगी को लेकर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट और आपराधिक षड़यंत्र के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। छापेमारी में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## मवेशियों के लिए चारा लेने गया 10वीं का छात्र धारा प्रवाहित तार की चपेट में आने से झुलसा, मौत

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के शालीग्राम सिंह के टोला गांव में शनिवार सुबह करंट की चपेट में आने से 10वीं के एक छात्र की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत छात्र शालीग्राम सिंह के टोला गांव निवासी सिपाही राय का 17 वर्षीय बेटा रजनीश राय बताया जा रहा है।

रजनीश के दादा हरेराम यादव ने बताया कि शनिवार की सुबह वह गांव में स्थित खेत में घास काटने के लिए गया था। वहां पहले से बिजली का तार टूट कर गिरा था। घास काटने के दौरान उसका हाथ उसी तार से स्पर्श कर गया। उससे वह करंट की चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया। उसके बाद वहां मौजूद लोगों ने घटना की सूचना दी। उस पर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और उसे आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि छात्र अपने दो भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में मां संजू देवी भाई भाई मनीष कुमार है। घटना के बाद मृत छात्र से घर में कोहराम मचा है।

### करंट की चपेट में आने से किशोरी की गई जान

**आरा।** जिला मुख्यालय स्थित नवादा के मीठा कुआं मोहल्ले में शनिवार की दोपहर करंट लगने से तीसरी कक्षा की छात्रा की मौत हो गई। छात्रा चापाकल पर पानी पीने के गई थी, इस दौरान वो करंट की चपेट में आ गयी। बुरी तरह से झुलसा देख परिजन बेटी को सदर अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। वह मूल रूप से आयर थाना क्षेत्र के बरनांव गांव निवासी रामबाबू बारी की सात वर्षीय बेटी लक्ष्मी कुमारी थी। वह अपने परिवार के साथ फिलहाल नवादा वार्ड नंबर 39 मीठा कुआं मोहल्ले में किराए के मकान में रहती थी। किशोरी के चाचा दीपक कुमार ने बताया कि वह शनिवार की दोपहर स्कूल से वापस लौटी थी और घर के गली में स्थित मोटर के पास चापाकल पर पानी पीने गयी थी। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गयी।

## एक नजर

### मुख्य डाकघर में डाक निर्यात केंद्र का शुभारंभ



**अरवल।** सदर अनुमंडल के सहायक डाक अधीक्षक विनय कुमार दुबे ने डाक निर्यात केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर किया। उद्घाटन के उपरांत डाकघर ग्राहकों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि अब ग्राहक विदेश में भी डाक वस्तु का निर्यात कर सकेंगे। निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्लेटफार्म को डाक विभाग के अरवल डिविजन की ओर से शुरू किया जा रहा है। एमएसएमई, हैंडीक्राफ्ट छोटे व्यापारियों को कस्टम क्लीयरेंस के लिए अब दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। इससे लोगों के समय की बचत होगी। पहले कई दिन लग जाते थे, लेकिन इस प्लेटफार्म पर एक से तीन दिन में ही सभी क्लीयरेंस हो जाता है। अब इस केंद्र से यूएसए, कनाडा, यूके ऑस्ट्रेलिया, सउदी, बहरीन, बंगलादेश, जर्मनी सहित अन्य देशों में सामान निर्यात कर सकेंगे। अरवल से विदेश में खेल के सामान जिसमें बैडमिंटन के रैकेट, क्रिकेट बैट, ग्लब्स, चेसबोर्ड, घड़ियां, ब्लूटूथ डिवाइस, हैडफोन, वाइफाई डोंगल, ज्वेलरी आइटम सहित कई चीजों को निर्यात किया जाता है। इस मौके पर सभी डाक घर कर्मी उमानाथ प्रसाद, राजेश रंजन, दिनेश प्रसाद कैलाश कुमार, मुकुल कुमार, जय नाथ कुमार साव आदि उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि की पूजा करने गयी रिटायर फौजी की पत्नी की गंगा स्नान के बाद मौत



**आरा।** जिले के धोबहां ओपी क्षेत्र के सलेमपुर काली मंदिर में महाशिवरात्रि की पूजा करने गयी एक रिटायर फौजी के पत्नी की मौत हो गयी। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में प्राण त्याग दिए। मृत महिला सलेमपुर गांव निवासी सह रिटायर फौजी हरेराम दूबे की त्नी इंदू देवी थी। मृतका की बहू किरण देवी ने बताया कि शनिवार की सुबह उसकी सास महाशिवरात्रि को लेकर सलेमपुर गांव स्थित गंगा घाट पर स्नान करने गयी थी। स्नान करने के बाद वह सलेमपुर गांव स्थित काली मंदिर में पूजा करने गयी। पूजा करने के बाद उन्होंने कहा कि मुझे सांस लेने में तकलीफ हो रही है। कुछ देर के बाद वह मंदिर में ही बेहोश हो गयी। उसके बाद इलाज के लिए उन्हें आनन-फानन में आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। हालांकि परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव लेकर चले गए। महिला की मौत कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इधर, मौत के बाद उनके घर में कोहराम मचा है।

### आहार में गिरने से तीन साल के बच्चे की मौत

**आरा।** जिले के तरारी थाना क्षेत्र के सेदहां गांव के नोनिया टोला में शनिवार की सुबह आहार में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गयी। खेलने के दौरान बच्चा आहर में गिर पड़ा था। करीब घंटे भर बाद परिजनों को जानकारी मिली। तब तक काफी देर हो चुकी। घटना को लेकर देर तक अफरा-तफरी मची रही। मृत बच्चा सेदहां गांव नोनिया टोला निवासी लगन कुमार का तीन वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार था। बच्चे के दादा अलगू चौधरी ने बताया कि शनिवार की सुबह घर के सभी लोग खेत में गए थे। उस समय प्रिंस बच्चों के साथ खेल रहा था। खेलते-खेलते वह आहार के पास चला गया। वहां किसी कारण वह आहार में गिरकर डूब गया। करीब घंटे भर बाद परिजन खेत पर वापस लौटे, तो प्रिंस घर में नही दिखा। तब उसकी खोजबीन शुरू की गयी। उस दौरान वह आहार मे डूबा पड़ा है। उसके बाद उसको पानी से बाहर निकाला गया।






## खबरें फटाफट

### ठनका की चपेट में आ किसान की मौत

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षे के मठिला पंचायत अंतर्गत नाजीरगंज गांव में ठनका की चपेट में आने से खेत में काम कर रहे किसान महेंद्र यादव पिता शिवकुमार यादव (55 वर्ष) की मौत हो गई। घटना शनिवार दोपहर बाद की है। जानकारी के अनुसार किसान अपने धान के खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से वह उसकी चपेट में आ गया।

### करंट लगने से सास बहु की मौत

**इटाढ़ी।** शनिवार को सुबह इटाढ़ी थाना क्षेत्र के देवास्थापुर गांव में एक लोमहर्षक घटना देखने को मिली। छत पर कपड़ा सुखाने गई श्रीराम यादव की 68 वर्षीय पत्नी मुक्तेश्वरी देवी करंट की चपेट में आ गई। पड़ोसियों के हो हल्ला पर उसे बचाने के लिए बेटे अरबिंद यादव की 32 वर्षीय पत्नी नीलम देवी भी दौड़ी भागी छत पर पहुंची तथा सास को पकड़ तार से अलग करना चाही। इस दौरान उसे भी करंट पकड़ लग गया। इस घटना में सास बहु की एक साथ मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही इटाढ़ी थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय सदल बल मौके पर पहुंच दोनों शवों को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजवाया।

### करंट लगने से मवेशियों की मौत

**धनसोई।** धनसोई थाना क्षेत्र के खेमराजपुर गांव में शनिवार की सुबह धारा प्रवाहित 11 हजार पावर का तार टूट कर गिरने से दो दुधारू मवेशियों की मौत हो गई है। आनन फानन में इसकी सूचना स्थानीय पुलिस के अलावे बिजली कंपनी के अधिकारियों को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिजली कंपनी को फोन कर लाईन कटवाया इसके बाद मवेशियों को वहां से हटाया गया।

मालवाहक ऑटो के तहखाने में छिपाकर ले जाया जा रहा था 745 पीस टेट्रा पैक

# प्रतिबंध के बावजूद डुमरांव पहुंची शराब की बड़ी खेप, ऑटो जब्त, एक गिरफ्तार

♦ स्टेशन रोड स्थित केनरा बैंक के समीप छापेमारी के दौरान डुमरांव पुलिस को मिली सफलता

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव पुलिस को शनिवार की दोपहर एक बड़ी सफलता मिली है। स्टेशन रोड के मुख्य सड़क से डुमरांव पुलिस और डीआईयू की टीम ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर एक ऑटो को पकड़ा। जब उसकी तलाशी ली गयी तो ऊपर से कुछ नहीं था। टीम को शंका हुआ और जब सूक्ष्म तरीके से तलाशी ली तो ऑटो के अंदर तहखाना देख आश्चर्यचकित हो गयी। उस तहखाने में पुलिस की टीम को 745 पीस 8 पीएम शराब बरामद हुआ। पुलिस ने इस मामले में ऑटो चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया। ऑटो चालक ने बताया कि वाहन मालिक भी एकौनी गांव का रहने वाला है। पुलिस दोनों के खिलाफ मामले को दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर दिया।



पकड़ा गया आरोपी चालक एकौनी गांव का रहने वाला टुनटुन यादव का पुत्र विनोद यादव बताया जाता है। जबकि पुलिस के अनुसार वाहन मालिक की पहचान एकौनी गांव निवासी नारायण उपाध्याय के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार ऑटो मालिक पूर्व में भी कई संदिग्ध गतिविधियों में शामिल रहा है और इसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस को मादक पदार्थों की तस्करी में भी नारायण की संलिप्तता की जानकारी मिली थी। इसके अलावे एकौनी में हुए एक हत्याकांड में भी उसकी भूमिका संदिग्ध थी। पुलिस के अनुसार बताया जाता है कि ऑटो चालक शराब को छिपाकर यूपी से जवही दियर के रास्ते आ रहा था। उसकी भनक डीआईयू टीम को मिली। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि स्टेशन रोड स्थित केनरा बैंक के समीप ऑटो खड़ी है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम वहां पहुंची और ऑटो को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि शराब के धंधेबाजों द्वारा नये-नये तरीके अपनाये जा रहे है। बावजूद पुलिस की टीम अभियान में सफल है।

### जेल परिसर में विनष्ट की गई 8 लाख रूपए की शराब

**बक्सर।** शनिवार को डीएम अंशुल अग्रवाल के नेतृत्व में बक्सर केन्द्रीय कारा परिसर में देशी व विदेशी सहित कुल 850 लीटर शराब पर बुलडोजर चला विनष्ट किया गया। विनष्ट किए गए शराब की कीमत 8 लाख 10 हजार रूपए आंकी गई है। जानकारी के अनुसार यह शराब बक्सर अनुमंडल के विभिन्न थानों तथा उत्पाद विभाग की टीम द्वारा विभिन्न कांडो में जब्त किया गया था। भारी मात्रा में शराब बरामद होने के बाद इसे रखने में भी पुलिस को परेशानी हो रही थी। जिसके बाद वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर इसे विनष्ट किया गया। बता दें कि हाल के दिनों में बक्सर पुलिस ने बड़े पैमाने में पर शराब बरामद किया था। शराब के विनष्टिकरण के बाद डीएम ने कहा कि शराब तस्करी को रोकने के लिए पुलिस को विशेष निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि शराब तस्करी के जीरो टालरेंस की नीति को जिले में धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है।

## होटल में सजी थी जुए की महफिल, सात जुआरी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**

शनिवार को बक्सर टॉउन थाने की पुलिस ने शहर के हेरिटेज होटल में गुप्त सूचना पर छापेमारी कर छह जुआड़ियों तथा होटल मैनेजर समेत कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस को 2.65 लाख रूपए नगद के अलावे तास के पत्ते भी बरामद किए है। जनकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि होटल हेरिटेज में जुए का अड्डा संचालित हो रहा है। सूचना मिलते ही एसपी के निर्देश पर एक टीम गठित कर उक्त होटल में छापेमारी करवाई गई। छापेमारी के दौरान होटल के कमरा नंबर 203 से पुलिस ने जुआ खेलते सात



जुआरियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। उनके पास से 2 लाख 65 हजार रूपए भी बरामद हुए। पुलिस ने जुआड़ियों के साथ ही होटल मैनेजर तौफीक अहमद को गिरफ्तार किया है। नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि होटल हेरिटेज में जुए का अड्डा संचालित हो रहा है। इसकी सूचना एसपी मनीष कुमार को दी गई तथा उनके निर्देश पर एक टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया गया जिसमें एक कमरे से छह जुआरियों के पास से पुलिस कुल 2.65 लाख रुपए बरामद हुआ। जुआ खिलाने के जुर्म में होटल मैनेजर को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार जुरियों में दीपक यादव के पास से 2500, मनोज कुमार पांडे के पास से 24500, विनोद शर्मा के पास से 5000 , अभिषेक कुमार से 70000, शशि भूषण सिंह से 19000, राजकुमार के पास से 1 लाख 4 हजार, वही बेड से पुलिस ने 40.590 रुपए बरामद किया। इसके अलावे होटल मैनेजर तौफीक अहमद को गिरफ्तार किया है। होटल में अवैध तरीके से जुए का अड्डा संचालित होने की जानकारी मिलते ही वहां बड़ी संख्या में शहरवासियों की भीड़ लग गई थी।

### संदेहास्पद स्थिति में विवाहिता की मौत

**सिमरी।** थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव में शनिवार को संदिग्ध परिस्थिति में एक विवाहिता की मौत हो गई है। पुलिस ने उसके कमरे में स्थित पलंग से उसका शव बरामद किया। गले में रस्सी का फंदा लगा था। उसके ससुर के अनुसार वह किसी बात से नाराज हो फांसी लगा ली। घटना के वक्त वे खेत में काम कर रहे थे। सूचना मिलते ही खेत से आए तो देखा कि बहु फंदे से लटक रही है। तब मैने रस्सी काट उसे नीचे उतारा। लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका काजीपुर के भरहुल यादव की 22 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी देवी है। इधर उसके मायके वालों ने बताया कि शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। हालांकि शाम तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया था।

## एक नजर

### पटना में भाजपा कार्यकताओं पर लाठीचार्ज के खिलाफ जिले भर में आयोजित हुआ धरना

**डुमरांव।** दो दिन पहले पटना में विधानसभा मार्च के दौरान पुलिस द्वारा भाजपा कार्यकताओं की बर्बर तरीके से की गई थी। इसके खिलाफ शनिवार को राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत भाजपा ने जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर धरना दिया। डुमरांव में धरना की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ बब्लू पाठक ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा ने दिया। प्रखंड कार्यालय के समक्ष दिए गए धरना में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राम कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष संत कुमार सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मंच संचालन युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य दीपक यादव ने किया। रामकुमार सिंह ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने क्रुरता, निर्ममता और पुलिसिया बर्बरता की सारी हदो को पार कर दिया। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। मौके पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शीला त्रिवेदी, कोरान सराय मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय, तिलकधारी मिश्र, डा संजय सिंह, युवा मोर्चा के अध्यक्ष धनंजय कुमार पांडेय, रोहित सिंह, मनोज कुमार, संटू मित्रा, राजकिशोर सिंह, विनोद पासवान सहित कई लोग मौजूद रहे।

### सुमित्रा महिला कॉलेज में सेमिनार आयोजित




**डुमरांव।** शनिवार को सुमित्रा महिला कॉलेज डुमरांव में महिला विकास मंच द्वारा नारी सशक्तिकरण पर एक सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रचार्या डा शोभा सिंह ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण ने प्राचार्या ने बताया कि आजादी के 76 साल बाद भी विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी संतोषजनक नहीं है। जिस घर मे नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का निवास होता है। महिला सशक्तिकरण के बगैर सशक्त समाज का निर्माण असंभव है। महिला विकास मंच के सदस्यों द्वारा घरेलू हिंसा, लिंग भेद आदि से पीड़ित महिलाओं के लिये निःशुल्क सहायता उपलब्ध कराने की बात कही। छात्राओं को सम्बोधित करते हुए महिला विकास मंच की उपाध्यक्ष ममता सिंह ने कहा कि महिलाओं की सहायता के लिए यह मंच सदैव तत्पर है। मंच का संचालन डा सुभाष चंद्रशेखर ने किया।

### चौगाई के जिप सदस्य बंटी शाही को मातृशोक



**चौगाई।** चौगाईं के जिला परिषद सदस्य अरविंद प्रताप शाही उर्फ बंटी शाही की माताजी मां शैल देवी का शुक्रवार की रात पटना एम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह बीमार चल रही थीं तथा कुछ दिन पहले ही उनके कूल्हें की सफल सर्जरी भी हुई थी। लेकिन अचानक तबीयत खराब होने से अस्पताल में ही उनका निधन हो गया। शनिवार को उनका शव पैतृक गांव चौगाईं लाया गया। शव पहुंचते ही सभी की आंखें छलक गईं। बंटी शाही की माताजी के निधन पर लोगों ने गहरा शोक जताया है। शोक जताने वालों में जिला परिषद अध्यक्ष विद्या भारती, नावानगर पूर्वी के जिप सदस्य डा राजीव कुमार, सिमरी पूर्वी के जिप सदस्य कमलबास कुंवर, अर्जुन सिंह, सत्येन्द्र सिंह, वंशी सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह, भाजपा नेत्री प्रतिभा सिंह, कुमार विजय सिंह समेत कई अन्य शामिल रहे।

## जमीन विवाद में बाप बेटों में खूनी संघर्ष, हालत नाजुक

**केटी न्यूज/ डुमरांव**

डुमरांव में जमीन विवाद को ले बाप और बेटे में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों एक दूसरे पर तलवार जैसे धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिए हैं। चिंताजनक स्थिति में प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जहां बेटे की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। यह विभत्स घटना शनिवार की देर शाम शक्ति द्वार के पास की है। जख्मी ओं में अब्दुल गफ्फार 50 वर्ष तथा महताब हुसैन 19 वर्ष शामिल है। दोनों आपस में बाप बेटे हैं।

जानकारी के अनुसार घर में संपत्ति बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद में देर शाम दोनों एक दूसरे पर धारदार हथियार हमला कर जख्मी कर दिए। महताब के गर्दन के बाए हिस्से में धारदार हथियार से गहरा जख्म हो गया है वही अब्दुल



गफ्फार के बाए कंधे के पास कट गया है। दोनों को खून अधिक बहने के कारण हालत नाजुक बनी हुई है। इलाज करने वाले डा बिरेंद्र राम ने बताया कि दोनों की हालत गंभीर है। वही घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल कर रही है। अब्दुल गफ्फार के पिता मोहम्मद कासिम समेत अन्य परिजनों से पूछताछ कर पुलिस तहकीकात कर रही है। घटना के बाद से ही परिजनों में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है।

## सोनवर्षा में ओवरब्रिज के नीचे व सर्विस रोड किनारे लगीं दुकानों को पुलिस ने हटाया

**केटी न्यूज/नावानगर**

एनएच 319 स्थित सोनवर्षा में ओवरब्रिज के नीचे व सर्विस मार्ग के किनारे लंबे समय से फुटपाथी दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा था। जिसे शनिवार को सीओ अजीत कुमार व सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर दोनों स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराया। साथ ही फुटपाथी दुकानदारों से दुबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई करने की हिदायत दी। बता दें कि इन दोनों स्थानों पर अतिक्रमण होने के कारण प्रतिदिन सोनवर्षा में वाहनों की जाम लग जाती थी। जिससे आमलोग जाम में घंटों फंसे रहते थे। इधर ओवरब्रिज के नीचे एवं सर्विस मार्ग से अतिक्रमण मुक्त होने की स्थानीय लोगों के अलावा वाहन चालकों ने प्रशासन की इस पहल से संतुष्ट थे। चूंकि ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत सीओ एवं ओपीध्यक्ष से किया था।



दो माह पूर्व एन एच 319 पर कई जगह डिवाइडर की घेराबंदी नहीं हुई थी। ऐसे में वाहन ओवरब्रिज के नीचे सर्विस मार्ग से गुजरने के बजाय रॉग साइड से भी आवाजाही करते थे। पर जैसे ही खुली डिवाइडर की घेराबंदी एनएचएआई द्वारा करवाया गया तो इसके बाद वाहनों की एक से दूसरे साइड जाने के लिए ओवरब्रिज से होकर गुजरना पड़ता है। ऐसे में ओवरब्रिज एवं सर्विस मार्ग पर अतिक्रमण के कारण हमेशा वाहनों का जाम लग जाता था।

**जगह की मांग कर रहे थे फुटपाथी दुकानदारः** सोनवर्षा के ओवरब्रिज के नीचे एवं सर्विस मार्ग से अतिक्रमण हटाने को लेकर फुटपाथी दुकानदारों में प्रशासन के प्रति नाराजगी व्याप्त थी। फुटपाथी दुकनदार सीओ से अपनी दुकान लगाने के लिए जगह की मांग किए। जिसपर सीओ ने कहा कि किसी के खाली पड़ी निजी जमीन में दुकान लगाने के लिए वे स्वयं उनसे वार्ता करें। ओवरब्रिज के नीचे या फिर सड़क किनारे दुकान किसी भी सूरत में नहीं लगनी चाहिए।




जीविका स्वयं सहायता समूह के माध्यम से टीबी के लक्षण की पहचान व इलाज की दी जाएगी जानकारी

## टीबी जागरुकता अभियान में शामिल होंगी जिले की जीविका दीदियां

♦ जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी बोले- टीबी रोगियों के प्रति भेदभाव रोकने के लिए जन सहभागिता जरूरी

**केटी न्यूज/बक्सर**

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देने के लिए जिला यक्षमा केंद्र जीविका समूह से समन्वय स्थापित कर लोगों को जागरूक करने की तैयारी में है। जिसके तहत जिले की सभी जीविका दीदी अब आम लोगों के बीच जागरुकता अभियान चलाएंगी। इसके लिए सभी प्रखंडों में गठित जीविका के स्वयं सहायता समूह में शामिल दीदियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रखंडों में जीविका दीदियों को प्रशिक्षित करते हुए अपने क्षेत्र अंतर्गत टीबी के लक्षण वाले मरीजों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र




पर बलगम जांच करने एवं यक्ष्मा की पहचान होने पर इलाज की पूर्ण जानकारी दी जाएगी। साथ ही, उन्हें प्रोत्साहन राशि और मरीजों को दी जाने वाली निक्षय पोषण राशि के संबंध में भी बताया जाएगा। जिससे वे लोगों को जागरूक करते हुए उन्हें टीबी की जांच कराने के लिए प्रेरित कर सकें।

### अभियान में अहम होगी जीविका दीदियों की भूमिका

जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र पांडेय ने बताया कि टीबी उन्मूलन अभियान में जीविका दीदियों की भूमिका अहम होगी। जीविका समूह से जुड़ी सभी दीदियां अपने क्षेत्र में पहले से ही स्वास्थ्य व पोषण से जुड़े कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार कर रही हैं। टीबी मुक्त भारत अभियान से उनके जुड़ने से इसे और गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि टीबी रोगियों के प्रति भेदभाव रोकने के लिए जन सहभागिता जरूरी है। जिले की जीविका समूह की दीदियों द्वारा सामुदायिक स्तर पर बैठक आयोजित कर इसे जड़ से मिटाने के प्रयास में सहयोग करेंगी। दीदियों डोर टू डोर भ्रमण कर टीबी मरीजों की खोज के साथ टीबी बीमारी की पहचान संबंधी जानकारियों को लोगों को पहुंचाएंगी।

### समूह के बैठकों में शामिल होंगे डीटीसी के कर्मी

डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया सभी बीपीएम अपने संबंधित प्रखंडों में समूह की बैठकों के दौरान जीविका दीदियों को प्रशिक्षण देंगे। इसके लिए ट्रेनर्स के रूप में जिला टीबी सेंटर के एसटीएस व एसटीएलएस अपने अपने क्षेत्रों के बैठक में शामिल होंगे। साथ ही, जीविका दीदियों का क्षमतावर्धन करेंगे। उन्हें बताया जाएगा कि दो सप्ताह या उससे अधिक समय से खांसी आना टीबी, शाम को बुखार आना, बलगम के साथ खून आना, वजन कम होना इसका मुख्य लक्षण हो सकता है। साथ ही, रोगी खांसने, छींकने थूकने से टीबी के जीवाणु हवा में फैल जाते हैं और अन्य व्यक्ति के सांस लेने से वह जीवाणु व्यक्ति फेफड़ों में पहुंचकर संक्रमित कर देते हैं।

## खबरें फटाफट

### फांसी लगा युवक ने की खुदकुशी

**बलिया।** रसड़ा क्षेत्र के परसिया गांव में शनिवार की रात्रि में विक्की गुप्ता 19 वर्ष पुत्र रविन्द्र गुप्ता ने अपने कमरे के पंखे के हुक में रस्सी के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। सुबह परिजन जब जगे कमरे के अंदर जाकर देखा तो विक्की कमरे के अंदर पंखे पर लटके देख अवाक रह गए परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही में जुट गई। अविवाहित विक्की मां बाप का एकलौता पुत्र था मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था।

### शराब के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के निर्देशन में अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रेवती पुलिस ने 50 लीटर देशी अपमिश्रित शराब और अपमिश्रण सामग्री के साथ हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ पहले से आधा दर्जन मामले पंजीकृत है। रेवती थाने के उप निरीक्षक धर्मेन्द्र दत्त व कां. सचिन चौहान ने मुखबीर की सूचना पर जीऊत पासवान पुत्र स्व. शम्भू पासवान (निवासी भाखर कोलेन पाण्डेय का टोला, थाना रेवती) को बुझावन बाबा चबुतरे के पास से 50 लीटर देशी अपमिश्रित शराब व अपमिश्रण सामग्री के साथ गिरफ्तार किया।

### सर्पदंश से बालिका की मौत

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के रूद्रपुर गांव में सर्पदंश से एक बालिका की मौत हो गयी। वह अपने मां व भाईयों के साथ सो रही थी, तभी यह हादसा हो गया। मृत बच्ची रूद्रपुर गांव निवासी संजय यादव की पुत्री खुशी यादव प्राथमिक विद्यालय रूद्रपुर में कक्षा तीन की छात्रा थी। शुक्रवार की रात में वह अपने अपनी मां और भाईयों के साथ घर में सो रही थी, तभी सांप ने खुशी के हाथ की अंगुली में डंस दिया। परिजन खुशी की झाड़-फूंक में जुट गये। फिर खुशी को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। छात्रा की मौत से मर्माहत विद्यालय परिवार ने शोक सभा का आयोजन किया गया।

### बदमाशों ने वृद्ध महिला को मारी गोली

**बलिया।** गड़वार स्थानीय कस्बे में शुक्रवार की देर रात्रि कुछ लोगों ने घुस कर एक वृद्ध महिला को गोली मार दी। गोली लगने से घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। गोली चलने ने कस्बे में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने महिला की बेटी की तहरीर पर दो भाईयों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गड़वार कस्बा की रहने वाली वहिदा खातून (65 साल) ने अपनी दुकान गांव के ही एक व्यक्ति को किराये पर दिया है। अब वह दुकान खाली कराना चाह रही थीं। इसको लेकर विवाद शुरू हो गया था। किरायेदार नेसार अंसारी व मेराज अंसारी आधी रात को छत के रास्ते घर में घुस गये और मेरी मां को गोली मार दी।

## 50 हजार का इनामी सोनू बिंद व 10 हजार रुपए का इनामी देवेंद्र बिंद अस्पताल में भर्ती

# गाजीपुर के दो बड़े इनामी बदमाश पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जनपद के सैदपुर कोतवाली क्षेत्र के टोडरपुर गांव में पुलिस और बदमाशों के बीच हुए मुठभेड़ के दौरान दो इनामी बदमाशों को गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस की गोली से घायल 25,000 का इनामी सोनू बिंद और 10,000 का इनामिया देवेंद्र बिंद का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। बता दें कि सैदपुर थाने में देर रात ट्रक चालक से लूट की वारदात को अंजाम दे लुटेरों के भागने की खबर मिलते ही इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई। साथ ही सैदपुर कोतवाली पुलिस पूरी टीम के साथ लुटेरों का पीछा करने लगी। कुछ ही देर में आलाधिकारी सहित पूरी सर्किल के थाने की पुलिस सड़क पर उतर गई। उधर प्रभारी निरीक्षक सैदपुर व स्वाट टीम के द्वारा एक स्थान पर चेकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार दो लोग पुलिस को देखते ही भागने लगे। पुलिस के पीछा करते ही पुलिस कर्मियों पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की और भागने लगे। उन्हें टोडरपुर गांव के पास घेर लिया गया। इसके बाद चौतरफा घिरा देख बदमाशों ने दोबारा पुलिस टीम पर फायरिंग किया। जिससे आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में दोनों बदमाशों को गोली लग गई। जिससे वो घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

**सोनू पर विभिन्न थानों में 23 मामले दर्ज :** मुठभेड़ में पकड़े गए बदमाशों में सोनू बिन्द पुत्र नन्दू बिन्द निवासी ग्राम सकरा थाना कोतवाली गाजीपुर और दूसरा बदमाश देवेंद्र बिन्द उर्फ देवा बिन्द पुत्र जयहिंद बिन्द निवासी ग्राम बकरबाद थाना कोतवाली गाजीपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़ा गया बदमाश सोनू बिंद पर जिले के विभिन्न थानों में लूट, डकैती और अन्य संगीन धाराओं में 23 मामले दर्ज हैं। देवेंद्र बिंद पर जिला के नंदगंज थाने में लूट का मामला दर्ज है। मामले में गाजीपुर एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि देर रात सैदपुर थाने को सूचना मिली थी कि एक ट्रक चालक के साथ लूट हुई है। इस सूचना पर सैदपुर थाने की टीम के साथ जिले के सभी आला अधिकारी बीच सड़क पर उतर गए और अपराधियों को ट्रेस करना शुरू कर दिया। इस दौरान दो संदिग्ध बाइक से जाते दिखाई दिए। जब उनका पीछा किया गया, तो वह पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। इस दौरान सभी थाने को सूचना प्रसारित किया जा चुका था। इस बीच हमारी स्वाद टीम भी रामपुर माझा होते हुए सैदपुर की तरफ जा रही थी। खुद को पुलिस से घिरा हुआ देख पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे। आत्मरक्षा में पुलिस टीम ने बदमाशों पर फायरिंग की। जिसमें दोनों बदमाशों को गोली लग गई। इसके बाद बदमाशों को पकड़ लिया गया।

### दोनों बदमाश कई दिनों से चल रहे थे वांछित

दोनों से जब पूछताछ की गई तो पता चला कि वो जनपद का 25,000 का इनामी सोनू बिंद है। सोनू बिंद द्वारा चार माह पहले कासिमाबाद थाना क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें सोनू बिंद के कुछ साथी पकड़े गए थे और वह वांछित फरार चल रहा था। उसका दूसरा साथी देवेंद्र बिंद जनपद का 10,000 का इनामी है। यह भी वांछित चल रहा था। पकड़े गए बदमाशों के पास से एक पिस्टल एक देशी तमंचा, कारतूस, बाइक और 3500 नगदी बरामद किया गया है। पकड़े गए बदमाशों के ऊपर लूट, डकैती और अन्य भारी भरकम अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह शातिर बदमाश गाजीपुर पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। पकड़े गए बदमाश हमेशा व्हाट्सएप काल के माध्यम से बातचीत करते थे। ऐसे में इनको पकड़ना काफी कठिन था। आज की पुलिस टीम द्वारा किए गए कार्य की सराहना करते हुए एसपी ने इनाम की भी घोषणा की है।

## कलह से तंग आकर मां और बेटी ने पुल से लगाई छलांग, नाविकों ने बचाई जान

**बलिया।** उभांव थाना के तुतीर्पार चौराहा के पास शनिवार को तुतीर्पार भागलपुर पुल से मां बेटी ने परिवारिक कलह से ऊब कर सरयू में छलांग लगा दी। हालांकि संयोग ठीक रहा कि नदी में तेज बहाव के बावजूद नाविकों की तत्परता से दोनों की जान बच गई। दोनों मां बेटी तारा देवी (55) और अन्नू कुमारी (23) को नाविकों ने तुतीर्पार रेल पुल के पास सकुशल नदी से बाहर निकल लिया।

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। उभांव क्राइम इंस्पेक्टर राकेश सिंह ने बताया कि मां बेटी सिकंदरपुर थाना अंतर्गत डुहा बिहरा गांव की निवासी है। जिनकी पहचान तारा देवी (55) पत्नी अजय वर्मा और अन्नू कुमारी (23) ग्राम डुहा बिहरा थाना सिकंदरपुर निवासी के रूप में की गई। जिन्हें सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है पारिवारिक कलह के कारण मां बेटी काफी दुखी थी और घर से एक दिन पूर्व ही देवरिया जनपद के लार थाना अंतर्गत सजाव गांव में एक बाबा के यहां झाड़ फूंक के चक्कर में गई थी। जहां से झाड़ फूंक कराने के बाद दोनों किसी बाइक चालक से लिफ्ट लेकर वापस घर लौट रही थी। दोनों तुतीर्पार पुल पर बाइक से उतर गई और पुल से नदी में छलांग लगा दिया। जिसके बाद बाइक सवार ने शोर मचाया तो पास के नाविकों ने तत्परता दिखाई और दोनों को नदी के बहाव से तुतीर्पार रेल पुल के पास बाहर निकाल लिया। जहां आसपास के महिलाओं और लोगों की भीड़ लग गई।

## सिकंदरपुर सीएससी के निरीक्षण के दौरान बाहर की दवा लिखे जाने पर डीएम ने जताई नाराजगी

**केटी न्यूज/बलिया**



जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर को देखा जिसमें कुछ कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने साफ-सफाई, दवा काउंटर एवं दवा की उपलब्धता के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य अधीक्षक को निर्देश दिया कि डॉक्टर मरीज को वही दवाई लिखें जो अस्पताल में उपलब्ध हो अन्यथा उसकी कोई अल्टरनेटिव दवा होनी चाहिए ।

डॉक्टरों के बाहर के मेडिकल की अधिकतम दवाएं लिखने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। साथ ही उन्होंने कहा कि साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि मरीजों के इलाज की जो भी कमियां हो उसमें जल्द से जल्द सुधार किया जाए जिससेअस्पताल में आने वाले रोगियों को किसी अव्यवस्था का सामना ना करना पड़े। उन्होंने हिदायत दी कि अगली बार निरीक्षण में सभी व्यवस्थाएं ठीक मिलनी चाहिए। कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण में स्वास्थ्य अधीक्षक व्यास जी एवं सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम ने डुहां विहरा तथा सिसोटार दियारा क्षेत्र का बाइक से किया दौरा

**केटी न्यूज/बलिया**



जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शनिवार को सिकंदरपुर तहसील क्षेत्र के डुहां विहरा तथा सिसोटार दियारा क्षेत्र मोटर साइकिल द्वारा दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि बाढ़ को लेकर बलिया में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है, और सभी तैयारियां पूर्ण है सिकंदरपुर तहसील क्षेत्र के सिसोटार गांव की सूचना मिली थी कि वहां पानी कुछ बढ़ रहा है। उसको सुनते ही हम अपनी पूरी टीम के साथ इस क्षेत्र में आए थे मगर यहां पर अभी कोई ऐसी स्थिति नहीं है की कटान हो रहा हो या कोई जनहानि होने की संभावना हो। यहां पूरी तरीके से सभी लोग सुरक्षित हैं। फिर भी प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है और जनपद के किसी भी नागरीक को कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी।

डीएम ने कहा कि यह जनपद का दूरस्थ क्षेत्र है घागरा के किनारे का क्षेत्र है इसलिए यहां पर गाड़ियां भी नहीं आ पाती है, लेकिन हम लोग यहां पर आए और यहां पर आने के बाद जो स्थानीय किसान भाई हैं उनसे भी मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। यहां पर वो स्थानीय खेती करते हैं बल्कि मैं कहूंगा जैविक खेती करते हैं, यहां पर एक बहुत ही पॉजिटिव चीज यहां देखने को मिली कि यहां पर किसान जैविक शकरकंद जैविक परवल की सब्जी उगाते हैं, जो निश्चित ही जनपद के लिए शुभ संकेत हैं और हम लोग इसको आगे भी बढ़ाएंगे। जहां तक बाढ़ की बात की गई हैं तो हमारी किसान भाइयों से बात हुई है यहां किसी तरह की समस्या नहीं है और आगे भी किसी तरह की समस्या नहीं आने दी जाएगी। जिलाधिकारी ने सिसोटार दियारा क्षेत्र के किसानों से पुरस्कार से पुरस्कृत किया तथा शकरकंद, परवल की खरीदारी भी की। निरीक्षण में एसडीएम सिकंदरपुर, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी, बाढ़ खंड अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## घोसी विधानसभा सीट से सपा विधायक के इस्तीफे के बाद चचाओं का बाजार गर्म

# सपा विधायक दारा सिंह चौहान ने दिया इस्तीफा

**केटी न्यूज/मऊ**



जिले की घोसी विधानसभा सीट से सपा विधायक दारा सिंह चौहान ने शनिवार को विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफा देने के बाद जिले में चट्टी चौराहों से लेकर चाय की दुकानों पर चर्चा का बाजार गर्म है। लोग इसे 2024 लोकसभा चुनाव से जोड़ रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया पर भी तीखी प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गईं। दारा सिंह चौहान के राजनैतिक कद को देखे तो वह वह अब तक दो बार राज्यसभा सांसद, एक बार लोकसभा सांसद और दो बार विधायक रह चुके हैं।

इस्तीफे के बाद दारा सिंह चौहान की फिर से भाजपा में जाने की अटकलें हैं। सोशल मीडिया पर समर्थकों ने दारा सिंह चौहान को विकास पुरुष बताया तो वहीं विरोधियों ने पलटू राम करार दिया। दारा सिंह चौहान ने 2017 के विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा का दामन थामा था। उस वक्त भाजपा ने उन्हें मधुबन से प्रत्याशी बनाया, फिर जीत के बाद मंत्री। लेकिन पांच साल बीतते-बीतते उन्होंने भाजपा को अलविदा कहते हुए इस्तीफा दे दिया।

यूपी विधानसभा चुनाव 2022 से पहले वो समाजवादी पार्टी में शामिल हुए और घोसी सीट से विधायक चुने गए थे। दारा सिंह चौहान पूर्वांचल में चौहान समाज के नेताओं में एक बड़ा नाम है। इसलिए हर पार्टी उन्हें अपने खेमे में लेने को आतुर रहती है। जिसको पूरा फायदा वह समय-समय पर उठाते रहते हैं। अब माना जा रहा है कि वो भाजपा में जाएंगे। बताया जा रहा है उन्हें मऊ लोकसभा सीट से उतारा जा सकता है। दारा सिंह चौहान योगी आदित्यनाथ सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री रह चुके हैं।

उनने राजनीतिक जीवन से छात्र राजनीति से कदम रखा था। पहले कांग्रेस संगठन में पदाधिकारी रहे, फिर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। वर्ष 1996 में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने उन्हें राज्यसभा भेजा। 2000 में कार्यकाल पूरा होने पर पुनरू 2000 से 2006 तक राज्यसभा में सपा का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद फिर पलटी मारी और बहुजन समाज पार्टी में शामिल हो गए। बसपा सुप्रीमो मायावती ने उन्हें घोसी लोकसभा सीट से 2009 में चुनाव लड़ाया और पहली बार लोकसभा सदस्य बने। उन्हें लोकसभा में संसदीय दल का नेता भी बनाया गया। वर्ष 2014 में पुन बसपा के टिकट पर लोकसभा के लिए मैदान में उतरे किंतु भाजपा प्रत्याशी हरिनारायण राजभर के हाथों हार गए। देश में चल रहे सियासी तापमान को भांप दारा सिंह चौहान वर्ष 2015 में भाजपा में शामिल हो गए। यहां भी उन्हें सम्मान मिला और पिछड़ा वर्ग मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया। 2017 के चुनाव में पार्टी ने मधुबन विधानसभा से टिकट दिया, जहां से 30 हजार से अधिक वोटों से जीत कर प्रदेश सरकार में मंत्री बने।

## एक नजर

### समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण: डीएम



**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शनिवार को तहसील बेल्थरारोड में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर लोगों की समस्याएं सुनी। उनके सामने पेंशन, जल जमाव, राशन कार्ड, भूमी विवाद, सड़क, पानी, नाली, स्वास्थ्य, राजस्व और सुरक्षा से संबंधित मामले आये। जिसे उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए कार्य जल्द से जल्द उसका निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर कुल 145 आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए थे, जिसमे 03 आवेदन पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन मामलो में भूमि विवाद हो उसमे पुलिस और राजस्व विभाग की सयुक्त टीम मौका पर मुआइना करने के उपरांत ही कार्यवाही करें। कार्यवाही करते समय दोनों पक्षो की बात अवश्य सुनी जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, जनसमस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी, सीएमओ डा. जयंत कुमार, परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक इंद्राज, जिला कृषि अधिकारी पवन कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी राम जतन यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी मो मुमताज आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### न्यायालय भवन निर्माण के लिए अधिवक्ता लामबंद

**चंदौली।** संयुक्त बार एसोसिएशन के आह्वान पर चंदौली के अधिवक्ता शनिवार को दीवानी न्यायालय भवन निर्माण व मुख्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए लामबंद नजर आए। इस दौरान जिला न्यायालय एवं मुख्यालय निर्माण संघर्ष समिति के तत्वावधान में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। इसके पूर्व जुलूस निकालकर पूरे कचहरी का चक्रमण किया और जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के विरोध में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह ने सरकार व जनप्रतिनिधियों द्वारा जिले के विकास के प्रति उपेक्षात्मक रवैये पर आक्रोश व्यक्त किया गया। आरोप लगाया कि जनपद का सृजन हुए 26 वर्ष हो गए, किन्तु आज तक जिला स्तरीय कोई भी कार्यालय जनपद चंदौली में नहीं बना। दीवानी न्यायालय भवन हेतु जमीन उपलब्ध होने के बाद भी सरकार द्वारा आज तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, जिससे न्यायिक अधिकारियों, वादकारियों व अधिवक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने लगातार पत्राचार कर शासन-प्रशासन को अववगत कराया। साथ ही उच्च न्यायालय से मिलकर आवाज उठाते रहे।

### वाणिज्य विभाग की टीम ने स्टेशन पर की जांच

**पीडीडीयू नगर।** हावड़ा दिल्ली रूट पर अतिव्यस्त पीडीडीयू नगर स्टेशन के स्टालों पर रेल नीर के बजाए दूसरे ब्रांडों का पानी बिक रहा है। खाने के सामान बेचने मे अनियमितता बरती जा रही है।जिसकी शिकायत काफी दिनों से मिल रही थी। शुक्रवार की देर रात हाजीपुर से आई वाणिज्य विभाग की छापे में अनियमितता का खुलासा हुआ।टीम ने बड़े पैमाने पर गैर ब्रांड का पानी और बिना अनुमति के बिक रही खाद्य सामग्री बरामद की। रेलयात्रियों के बेहतर सुख सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक शिव कुमार प्रसाद के निर्देशन में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक खानपान विनीत कुमार के नेतृत्व में हाजीपुर वाणिज्य विभाग खानपान की टीम ने शुक्रवार की देर रात पीडीडीयू स्टेशन पर पहुंची। टीम ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक और दो पर स्थित पराग मिल्क स्टाल व सुधा मिल्क दो स्टालों से 14 हजार चार सौ रुपए मूल्य के लोकल ब्रांड पानी के बरामद किया। साथ ही बिना रेलवे के अनुमति के बिक रहे 17 हजार रुपए मूल्य के खाद्य सामाग्री को भी जब्त किया। जो अवैध सामाग्री बिक रही थी, उसका कोई रेट लिस्ट मांगने पर स्टाल संचालक नहीं दिखा सके। गौरतलब है कि स्थानीय रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के रुकने पर खान पान स्टालों पर यात्रियों की भीड़ लग जाती है।

